हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

11 द्यिार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण ...

12 सीबीएलयू में हनुमान चालीसा का पाठ कर...

खबर संक्षेप

ग्रामीणों ने किया सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ

चरखी दादरी। हनुमान जन्मोत्सव अवसर पर गांव नरसिंहवास स्थित बाबा जमना गिरी मंदिर में ग्रामीणों ने सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। धार्मिक आयोजन का शुभारंभ बाबा चांदी गिरी महाराज ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। ग्रामीण महिलाओं ने बाबा बजरंग बली के भजनों के माध्यम से उनकी महिमा का बखान किया। बुजुर्गों व संतजनों ने सत्संग के द्वारा सभी को जीवन में सदगुणों को धारण करने के लिए प्रेरित किया।

अधिकारी व कर्मचारी चुनाव को लेकर ना दें बयान

चरखी दादरी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी विभाग का अधिकारी या कर्मचारी मीडिया को बिना किसी तथ्यों के आधार पर चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दे सकता है ताकि जनता में चुनाव से संबंधित कोई भ्रम ना फैले।

सभी जनसभाओं की होगी वीडियो रिकॉर्डिंग

चरखी दादरी । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिले के सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों की जनसभाओं की वीडियोग्राफी करवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि उस जनसभा पर आए खर्च को उम्मीदवार के खर्च खाते में शामिल किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता पूरे देश में प्रभावी हो गई है और आदर्श आचार संहिता के अन्तर्गत ही यह आदेश जारी किए गए हैं ।

बड़सी में चोरों ने लाखों के गहने व नकदी चुराई

बवानीखेड़ा। गांव बड़सी में चोरी का मामला संज्ञान में आया है। बडसी निवासी संदीप ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि बीती रात उसके घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर उनके घर से दो तोले सोना, 70 हजार रुपये चांदी, 10 हजार रुपये नकद, एक सिलेंडर सहित अनेक सामान चुराकर ले गए। उन्होंने कहा कि चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपये है। पीड़ित ने घर में चोरी की घटना की शिकायत पुलिस में दे दी थी।

जनसभा या जूलुस से पहले लेनी होगी अनुमति

चरखी दादरी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजनीतिक दलों की सभाओं और जूलुस आयोजित करने के बारे में निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार किसी प्रस्तावित सभा के स्थल व समय की सूचना निश्चित समय के पहले जिला प्रशासन को देनी होगी।

गोठड़ा के विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी

लोहारू। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी एवं अधिवक्ता कर्ण सिंह गोठड़ा ने अपने भतीजे स्वर्गीय डॉ. मनोज की पुण्यतिथि पर गांव गोठड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को स्टेशनरी बांटी और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़े चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। गोठड़ा ने कहा कि उनका भतीजा स्वर्गीय मनोज हमेशा जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए चिंता करते थे और उनकी पुण्य स्मृति वे प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित कर डा. मनोज को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

आफत की बरसात, भीगा गेहूं, सब परेशान

खास बातें

- किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, गेहूं की बोरियां व ढेरियां बरसात में भीगी
- लिफ्टिंग कार्य में ढिलाई के चलते मंडी में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं पानी में डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंडी में बरसात में भीगी गेहूं की ढेरियां

लोहारू अनाजमंडी में बरसाती पानी से बने कीचड़ के हालात।

दो दिन से हो रही बरसात ने किसानों की मेहनत पर मंगलवार को एक बार फिर से पानी फेर दिया। सोमवार को अलसुबह आई बरसारत ने अनाजमंडियों में पड़ा किसानों का गेहूं भिगों दिया। बरसात के पानी में भीगे गेहूं को मंगलवार दिनभर किसान सुखाने में लगे थे तो मंगलवार शाम को एक बार तेज बरसात ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी।

अब किसानों को अपनी सालभर की मेहनत और उससे संयोए सपने टूटते दिख रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि दो दिन हुई बरसात ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी हैं। एक ओर जहां किसान खेत में पड़ी गेहूं की पुलियों के छौर भीगने पर उन्हें मंगलवार को सुखाते रहे और वहीं दिनभर मंडियों में पड़ी गेहूं की ढेरियों व बोरियों में भी किसान धूप लगाने में जुटे रहे, लेकिन मंगलवार शाम को एक बार फिर किसानों के लिए बरसात आफत बनकर टूट पड़ी और बरसात ने गेहूं की बोरियां और ढेरियों को फिर से भीगों दिया। हालांकि सोमवार को ज्यादा तेज बारिश नहीं हुई, लेकिन हलकी बारिश से भी किसानों के गेहूं व सरसों पूरी तरह से भीग गया। पहले ही लिफ्टिंग की ढिलाई व धीमी गति से होने से किसानों की सांसे अटकी हुई थी और अब बरसात ने फिर से लिफ्टिंग पर ब्रेक लगा दिए हैं। ट्रैक्टर ट्रॉलियों के आवागमन से सड़क पर पानी में भीगा गेहूं खराब हो रहा हैं, जिसको देखकर किसान की उम्मीद टूट रही हैं कि सालभर मेहनत के बावजूद अंतिम क्षण में ये उसके साथ क्या हो रहा हैं।

बरसात से बढ़ी नमी

बरसात के कारण बिकने को तैयार किसानों की गेहूं की ढेरियों में अब फिर से नमी बढ़ गई है। ज्यादा नमी की वजह से फसलें खराब भी हो सकती है। गेहूं की फसल में नमी 12 तो सरसों में आठ होना चाहिए, अगर इससे ज्यादा नमी मिलती है तो निर्धारित मापदंडों के अनुरूप उनकी खरीद नमी कम होने तक नहीं की जा सकती। फसलों में निर्धारित नमी के लिए सोमवार व मंगलवार को किसान अपनी फसलों को सुखाते नजर आए।

लोहारू में बूंदाबांदी से भीगा गेहूं

लोहारू शहर और आसपास के इलाके में मंगलवार को दोपहर में अचानक हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ी। बूंदाबांदी के कारण लोहारू अनाजमंडी में खुले में पड़े अनाज भीग गया। हालांकि अधिक मात्रा में अनाज शैड के नीचे व अनेक आढ़तियों ने तिरपाल का पहले से प्रबंध करने के कारण काफी मात्रा में अनाज भीगने से बच गया। वहीं लोहारू मार्केट कमेटी सचिव अनिल ने बताया कि सभी आढ़तियों को मौसम को देखते हुए व्यापक प्रबंध के निर्देश दे रखे हैं।

वार्ड 19 व 20 में लगाया खुला दरबार

- अधिकारियों ने लोगों की पेयजल व सीवरेज संबंधित समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। खुले दरबार में जनसमस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने डीसी नरेश नरवाल के आदेशानुसार मंगलवार को वार्ड नंबर 19 डीसी कॉलोनी स्थित कम्यूनिटी सेंटर व वार्ड नंबर 20 में ग्वार फैक्ट्री के नजदीक जनता दरबार लगाया।

खुला दरबार में वार्डों के लोगों ने सीवरेज लाईन की सफाई करवाकर उन्हें खुलवाने तथा पर्याप्त पेयजल सप्लाई करवाने की मांग रखी। लोगों ने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं मिल रहा है, इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के एसडीओ सतीशचंद्र व सूर्यप्रकाश जैन, जेई आशीष, कुणाल श्योराण, उमेद सिंह ने नागरिकों की पेयजल व सीवरेज संबंधित समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने नागरिकों को पेयजल से महरूम नहीं रहने देने का आश्वासन दिया। गर्मी के मौसम के चलते डीसी नरवाल द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरवासी के समक्ष पेयजल समस्या नहीं बननी चाहिए। डीसी नरवाल के निर्देशानुसार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को वार्ड नंबर 19 व 20 के लिए जनता दरबार लगाया। अधिकारियों ने नागरिकों की पेयजल व सीवरेज से संबंधित समस्याएं सुनीं।

जल्द करवाई जाएगी सीवर लाइनों की सफाई

अधिकारियों ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पेयजल मुहैया करवाने की बात कही। उन्होंने लोगों से गर्मी के मौसम के चलते पेयजल को व्यर्थ नहीं बहाने की अपील की और कहा कि कहीं पर भी पेयजल लाईन लीकेज है तो उसे तुरंत दुरूस्त किया जाएगा। नागरिकों ने अधिकारियों को सीवरेज संबंधित समस्याओं का मौका दिखाया।

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर चलाया जा रहा स्वीप अभियान

- बापोड़ा के बूथ नंबर 118, 119 व 121 में स्वीप अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भजन पार्टी ने गांव बापोड़ा में मतदाताओं को मतदान करने को किया प्रेरित

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर भजन पार्टी ने गांव बापोड़ा के बूथ नंबर 118, 119 व 121 में स्वीप अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। मतदान जागरूकता अभियान में भजन पार्टी ने लोकगीतों के माध्यम से बताया कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए मतदाता लोकतंत्र के पर्व में मतदान कर देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुरूप सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी ने स्वीप अभियान के तहत गांव बापोड़ा में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विभाग की भजन पार्टी के लीडर दलबीर, राजेश पहलवान, फूला, नरेश व सुंदर ने लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं का आह्वान किया कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो।

बाल सेवा आश्रम में बच्चों से बातचीत करते सेशन जज अग्रवाल व अन्य।

सेशन जज अग्रवाल ने बाल सेवा आश्रम का किया औचक निरीक्षण

भिवानी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल, प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम कपिल राठी व जेएमआईसी अंशुमन ने बाल सेवा आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहा रहे रहे बच्चों को आश्रम द्वारा दी जा रही सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया। सेशन जज ने आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम के प्रबंधक से आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सेशन जज अग्रवाल ने आश्रमों का निरीक्षण करते हुए कहा कि बच्चों को हमारे संविधान में उचित पालन पोषण उनके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए, उन्होंने आश्रम के प्रबंधक समिति से आश्रम के बारे में जानकारी ली और बच्चों से सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा।

ग्रीन सोसाइटी शहर में लगाएगी पौधे

- ग्रीन सोसाइटी में मनाया पंद्रहवां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। ग्रीन सोसाइटी को टैंकर भेंट करते उद्योगपति धर्मेश शाह।

पृथ्वी दिवस पर हरियाली व स्वच्छता को समर्पित ग्रीन सोसायटी ने अपना पन्द्रहवां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति धर्मेश शाह ने शिरकत की।

शाह ने रिबन काटकर 7,500 लीटर के नए वाटर टैंकर का उद्घघाटन किया, जिससे ग्रीन सोसाइटी पूरे शहर में पौधों में पानी देने में सक्षम हो सकेगी। कार्यक्रम में जनरल बॉडी मीटिंग के रूप में सभी सदस्यों ने भाग लिया व पंद्रह सालों के सफर को याद किया। सोसायटी के संस्थापक डॉ. पीके आनंद ने बताया कि संस्था को बनाने के पीछे एक ही सोच थी कि हमने इस शहर से बहुत कुछ लिया है तो हमारा भी कर्त्तव्य बनता है शहर को वापस देने का। संस्था को चलाने के लिए पंद्रह सालों में अच्छे बुरे दोनों तरह के अनुभव रहे जिसमें काफी लोग जुड़े, समाज से सराहना मिली। इस मौके पर पंद्रह साल पूरे होने पर केक भी काटा गया। प्रधान अमित गाबा ने बताया पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सोसायटी द्वारा निर्मित पंचायत भवन चौक के डिवाइडरों, जोगीवाला मंदिर के नजदीक डिवाइडर की भी मरम्मत व पेंट करवाया जा रहा हैं। ग्रीन सोसाइटी के संरक्षक दीपक बंसल ने बताया कि आगे आने वाले मानसून में 100 से अधिक पेड़ पौधें शहर में लगाए जायेंगे। इस मौके पर यतींद्र नाथ, जगदीश गिरधर, डॉ. सतीश आर्य, राकेश कटारिया, बिजेंद्र पंघाल आदि मौजूद रहे।

भैरूनाथ लाइब्रेरी में भेंट की इन्वर्टर बैटरी

तोशाम। बुशान निवासी जगदीश बंसल गंगानगर ने मंगलवार को निःशुल्क बाबा भैरू नाथ लाईब्रेरी चेरिटेबल ट्रस्ट में दो इन्वर्टर की बैटरी भेंट की। बंसल ने लाईब्रेरी चेरिटेबल ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि चेरिटेबल ट्रस्ट शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी अलख जगा रहा है। उन्होंने ट्रस्ट की कार्यप्रणाली की सराहना की व भविष्य में भी हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया। बंसल ने कहा कि अपनी इच्छानुरूप सभी को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, क्योंकि जब भगवान ने आपको सब कुछ दिया है तो आप दान में बढ़-चढ़कर भाग ले, क्योंकि दानी कभी घाटे में नहीं रहता, दान तो कई गुणा बढ़ता है। लाईब्रेरी के संस्थापक व पूर्व सरपंच बीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लाईब्रेरी समय की मांग है, लाईब्रेरी में सीनियर जूनियर बच्चों का आपसी तालमेल बना रहता है, जिससे समस्या आने पर तुरंत समाधान हो सकता है। इस अवसर पर महंत पूर्णनाथ, जयनारायण शर्मा, संदीप कुमार, संदीप गौड़, योगेश, राहुल, अशोक, विशाल लडवाल, सुमित, सतीश स्वामी, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम आयुक्त ने मंडी में फसल ब्रिकी को आए किसानों से ली खरीद व सुविधाओं की जानकारी

रोहतक मंडल आयुक्त ने चारा व अनाज मंडी में खरीद का किया निरीक्षण

- आयुक्त ने अधिकारियों को सरसों व गेहूं खरीद व उठान में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। खरीद का जायजा लेते रोहतक मंडल आयुक्त वर्मा। फोटो : हरिभूमि

रोहतक मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने मंगलवार को चारा मंडी व अनाजमंडी में चल रही सरसों व गेहूं फसल खरीद कार्य प्रक्रिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से सरसों व गेहूं खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही मंडी में फसल ब्रिकी के लिए आए किसानों से भी कुशलक्षेम पूछा व मंडी में दी जा रही सुविधाओं के बारे जानकारी ली। आयुक्त वर्मा ने अधिकारियों से फसल खरीद का पूरा ब्यौरा मांगा और सरसों व गेहूं खरीद का कार्य का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने खरीद व उठान से संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए फसल बिक्री में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए और गर्मी के चलते पेयजल के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी उचित प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने फसल खरीद के साथ उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं तथा आढ़तियों द्वारा किसानों से ली सरसों व गेहूं के रिकॉर्ड की जानकारी ली तथा मंडी में आने वाली फसल का गेटपास जारी होने की बात कही। उन्होंने बताया कि गोदाम में फसल के पहुंचने के 72 घंटे के अंदर किसान को फसल के पैसे मिलने का प्रावधान है। इस दौरान एडीसी हर्षित कुमार, एसडीएम हरबीर सिंह, डीएफएसई केके गोयल, डीएफएसओ प्रदीप कुमार, डीएम हैफेड संदीप पूनिया, डीएम वेयरहाउस दिलबाग सिंह, सचिव मार्केट कमेटी अनिल कुमार व निरीक्षक उमेद सिंह आदि मौजूद रहे।

जल्द उठान करवाएं

उन्होंने कहा कि खरीद के बाद किसानों को जे फार्म दिया जाना जरूरी है, जिसमें फसल का वजन और फसल की कीमत होती है, ताकि किसान को फसल के वजन और कीमत का पता हो सके। उन्होंने खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को निर्देश दिए कि सरसों उठान में ढिलाई न बरते और लेबर की कमी को दूर करें।

624 वाहन उठान कार्य में लगे

डीएमईओ श्यामसुंदर ने आयुक्त को बताया कि अब तक मंडी में लगभग 25 लाख क्विंटल सरसों की आवक और 19 लाख क्विंटल सरसों का उठान हो चुका है। उठान में तेजी लाने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। कार्य में तेजी को आढ़तियों व मंडी प्रधान से बातचीत कर शीघ्र ही लेबर की कमी को भी दूर कर लिया जाएगा। जिले में कुल 624 वाहन उठान कार्य में लगे हैं।

'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

मुंबई। जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

लाइफ Style

सारा अली

'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में है। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।

हॉलीवुड मसाला

मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

लॉस एंजिलस। टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।

डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

लॉस एंजिलस। मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।

डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

मुंबई। नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

मुंबई। अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

फिल्मी मसाला

रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

मुंबई। जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर

और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...

मुंबई। *बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

अमिताभ बच्चन : *शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*

अक्षय कुमार : *अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*

शाहरुख खान : *शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*

'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुईं शुमार

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

मुंबई। साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते : अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।

नायक : साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

चिरुथा : फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

मगधीरा : साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

ऑरेंज : साल 2010 में आई ऑरेंज में

टॉप हिट फिल्में....



राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

येवाडू : अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2) : फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

ब्रूस ली- द फाइटर: राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

जिलेभर के स्कूलों में मनाया पृथ्वी दिवस , विद्यार्थियों ने कपड़े के थैले का प्रयोग करने का दिया संदेश

किंडर गार्डन में बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से विभिन्न रूप धारण कर पृथ्वी दिवस का महत्व दर्शाया व नन्हे-नन्हे हाथों से पौधें लगाए

विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने के साथ-साथ संरक्षण का भी लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जी लिट्रा वैली विद्यालय में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया। पृथ्वी दिवस का महत्व बताते हुए उसे प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विद्यार्थियों ने भाषण, कविता व प्रश्नोत्तरी द्वारा अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। किंडर गार्डन में बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से विभिन्न रूप धारण कर पृथ्वी दिवस का महत्व दर्शाया व अपने नन्हे-नन्हे हाथों से पौधें लगाए। कक्षा दूसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सिस प्लास्टिक पर आधारित नारों, चित्रों व कविताओं द्वारा पृथ्वी दिवस बचाने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने सभी को पृथ्वी दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी को पृथ्वी संरक्षण का संकल्प लेते हुए इसकी शुरूआत अपने घरों से ही करनी चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। बाजार जाते समय कपड़े के थैले का प्रयोग करना चाहिए। सभी विद्यार्थियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्लास्टिक का प्रयोग न करने व अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधें भी लगाए। विद्यालय के इको क्लब व आजाद सदन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भिवानी। शिक्षकों को साथ पेंटिंग बनाकर दिखाते विद्यार्थी।

पृथ्वी को हरा भरा करने को लगाएं पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

पृथ्वी दिवस पर हमारा अपना फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ ने हनुमान जोहड़ी धाम में महंत चरणदास महाराज के सानिध्य में पौधरोपण किया।

फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन ने बताया कि पृथ्वी को हरा भरा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण करने की जरूरत है, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे।

भिवानी। पौधरोपण अभियान चलाते फाउंडेशन के सदस्य व अन्य।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ से प्राचार्य संतोष भाकर, एडवोकेट मुकेश चौहान, प्रोफेसर रीना, पार्षद कविता, प्रोफेसर कविता शर्मा, रेखा जैन, नीतू, मोहिनी, प्रिया लेघा, फाउंडेशन के सीईओ एसके सिंह व कोर कमेटी के अध्यक्ष आरपी ओला ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्रों ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

भिवानी। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा सातवीं के छात्रों ने की, जिसमें मुख्यरूप से स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्या कीर्ति आहुजा उपस्थित रहे। मंच संचालन छात्र लक्ष्य द्वारा पृथ्वी दिवस के विषय पर बताया कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण पृथ्वी व जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ये प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करना हमारा कर्तव्य हैं। दक्षिता ने पर्यावरण पर कविता प्रस्तुत की, जिसमें पृथ्वी के संपूर्ण विषय की जानकारी दी गई। निशिका ने बताया कि धरती ही सौर मंडल में एक ऐसा ग्रह है जिसमें 21 प्रतिशत ऑक्सीजन

मौजूद है। पलक ने पृथ्वी दिवष पर भाषण प्रस्तुत किया। अंत में मनन, मंशु, वंशिका, ईशा, निशिका, मोहित, हिमांशी, कृप व टिपांशु ने पृथ्वी कितनी स्वच्छ थी, अब कितना प्रदूषण है और आने वाले समय में पृथ्वी कैसी होगी पर नाटक प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों को पौधरोपण कर दिलवाया संकल्प

भिवानी। वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय के प्रांगण में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य करतार सिंह जाखड़ ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने व पेड़ पौधें लगाने का संदेश देकर विद्यार्थियों को पर्यावरण की जानकारी दी। शिक्षिका सुकीर्ति ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को भाषण देकर प्रोत्साहित किया व उन्हें 'प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करें व चीजों को पुनः उपयोग करने की शपथ दिलाकर विद्यार्थियों का ज्ञानावर्धन किया व सफाई के प्रति प्रोत्साहित किया। कक्षा पांचवी से तितिक्षा व सातवी से प्रतीक ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

ढाणीमाहू युवा क्लब के प्रधान ने वितरित किए पौधे

तोशाम। गांव ढाणी माहू के युवा क्लब के प्रधान पवन मैहरा ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधे वितरित किए तथा गांव के वार्ड नंबर 11 में दवाई छिड़काव किया और आसपास के गांव में जाकर किसानों को जल बचाने के लिए तथा मोटा अनाज उगाने के लिए प्रेरित किया। प्रधान पवन ने कहा कि हमें पृथ्वी को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए और हमें पॉलिथिन का प्रयोग ना करके कागज के थैले का प्रयोग करना चाहिए, जिससे हमारा पर्यावरण साफ व स्वच्छ रह सके। पवन मैहरा ने स्कूल में जाकर बच्चों को पौधे वितरण किए तथा बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दिनभर हमारी पृथ्वी दूषित होती जा रही है।

खबर संक्षेप

एचडी स्कूल में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

चरखी दादरी। एचडी विद्यालय बिरोहड़ के संस्कारम सभागार में सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करने के सार्थक प्रयास के तहत श्रीहनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। बल, बुद्धि और विद्या के सागर सप्त चिरंजीवियों में से एक बजरंगबली की आराधना करते हुए बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्राचार्या नमिता दास ने कहा कि पहली से नौवीं कक्षा के बच्चों के बीच अंग्रेजी भाषा से संबंधित विभिन्न एक्टिविटी करवाई गई।

भंडारों की धूम, लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

लोहारू। मंगलवार को हनुमान जयंती के मौके पर लोहारू शहर के मंदिरों में भंडारों की धूम रही तथा देर सांय मुख्य पंचायती मंदिर द्वारा शहर में शोभायात्रा व झांकी भी निकाली गई। शहर के मुख्य पंचायती मंदिर, श्री उजाड़िया हनुमान मंदिर, पुराना शहर के पौराणिक शिखरबंद मंदिर, बस स्टेंड परिसर सहित अनेक मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में हनुमान जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई जो बाबा जनानाथ मंदिर से शुरू होकर हनुमान ढ़ाणी, डेरा बाबा सोमनाथ कुटिया, बाबा कमाल मंदिर, खाटू श्याम मंदिर से गुजरती हुई विभिन्न मार्गों से होकर निर्धारित स्थान पर पहुंची। शोभा यात्रा में बाबा ब्रहमनाथ, बाबा कैलाशगिरी महाराज, अजय, संदीप, दीपक, तरूण राहुल, बजरंग, दिनेश आदि भक्तजनों ने अहम भूमिका अदा की। उपस्थिजनों ने बताया कि जिसने भी बजरंग बली का नाम लिया है, वे अपने घर में सुख शांति और हमेशा खुशहाल जीवन जीते है, संसार में हनुमानजी जैसा भक्त आज तक नहीं हुआ है और न आने वाले समय में होगा, उनके नाम की महिमा ही सबसे बड़ी है, राम नाम सबको उतारने वाला जीवन का मंत्र है, जो सबको अपनाना चाहिए।

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा में हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

- शोभा यात्रा में बाबा ब्रहमनाथ, बाबा कैलाशगिरी महाराज, अजय, संदीप, दीपक, तरूण राहुल, बजरंग आदि ने सहयोग किया

समाजसेवी कौशिक ने स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर आरओ

लोहारू। सोहांसरा की श्रीराधाकृष्ण गोशाला के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी रमेश कौशिक ने कहा कि बच्चे भगवान की मूरत होते हैं तथा वे बच्चों के कल्याण व सहयोग के लिए सदैव तत्पर हैं। वे राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में अपनी माता स्वर्गीय अंचादेवी और पिता स्वर्गीय रामजीलाल कौशिक की याद में अंचा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से बच्चों के लिए वाटर कूलर आरओ भेंट करने के बाद उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित कर रहे थे। प्राचार्य राजीव आर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी कौशिक और उनके पुत्र कमल कौशिक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने बताया कि भेंट किए गए वॉटर कूलर का लोकार्पण कर उन्हें बच्चों के लिए समर्पित किया। कौशिक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामाजिक दायित्वों को निभाना चाहिए। इस मौके पर लोहारू समस्या समाधान समिति के प्रधान प्रदीप सैनी, शहीद भगत सिंह समाज कल्याण समिति के प्रधान जगदीश जायसवाल, सुनील कुमार एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर में भक्तों ने हनुमानजी की पूजा

तोशाम। प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। अलसुबह से मंदिर परिसर में हनुमानजी के भक्तों ने आकर पूजा अर्चना की। हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को भक्तों ने पुजारी पंडित रा म कि श न महाराज से आशीर्वाद लिया। पुजारी रामकिशन ने बताया कि मंदिर का निर्माण करीबन सात दशक पहले हुआ था। इस मंदिर के प्रति क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर के गर्भ ग्रह में स्थित हनुमान जी की मनमोहक प्रतिमा आगंतुक भक्तों को सहसा अपनी ओर आकर्षित करती है। इसी के चलते क्षेत्र के लोगों की प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के प्रति अटूट आस्था है। इस दौरान हनुमानजी का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर खजांचीलाल मित्तल, एसोसिएट प्रोफेसर कैप्टन जसवंत सिंह, पूर्व बीडीसी चेयरपर्सन प्रतिनिधि नरेश द्वारका, योगेश भोलान, जितेंद्र सोनी, दीपचंद भारद्वाज, ओमवीर गर्ग, सुनील शर्मा, अशोक गोयल, केशव हलवाई आदि मौजूद थे।

बालाजी धाम सूई में सत्संग और भंडारा

बवानीखेड़ा। संकट मोचन बालाजी धाम खरकड़ी रोड आदर्श गांव सुई में हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मधुर भजनों से श्रीबालाजी भगवान का गुणगान किया और प्रसाद वितरित किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. उमेद शर्मा ने कहा कि हनुमानजी श्रीरामजी के सच्चे भक्त थे, उन्होंने अपने जीवन में सभी त्यागकर भगवान श्रीरामचंद्र की सेवा की, उनके साथ रहे और इस संसार में अमर हो गए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को श्रीहनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म का साथ देना चाहिए, सच्चे इंसान का साथ देना चाहिए और हमेशा पाप का विरोध करना चाहिए। इस मौके पर विश्व की खुशहाली के लिए हवन किया। उन्होंने कहा कि इस दिन हमें अपने अंदर की बुराई का त्याग करना चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से हनुमानजी को याद करता है, उसके सभी संकट दूर हो जाते हैं, ये संकटों का विनाश करने वाले हैं, इसलिए इन्हें संकट मोचन कहा जाता है। इस अवसर पर संदीप जांगड़ा, सुनील कुमार,रमन शर्मा, भास्कर शर्मा, खुशी शर्मा, रामपाल आचार्य आदि उपस्थित रहे।

मोदी की गारंटी प्रचारक वैन ने किया केंद्र सरकार की नीतियों का प्रचार

बहल। केन्द्र सरकार की नीतियों का प्रचार करने के लिए विकसित भारत मोदी की गारंटी की प्रचारक वैन कस्बे में पहुंची। वैन में लगी स्क्रीन से सरकार की दस साल की विभिन्न योजनाओं का प्रचार किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने दस साल में देश के आधारभूत ढांचे को समृद्ध करने के साथ देश का समुचित विकास किया है। मंगलवार को कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों में प्रचारक वैन ने मोदी की नीतियां गिनाकर लोगों को भाजपा का साथ देने की अपील की। वैन का भाजपा बहल मंडल प्रधान सुनील शर्मा, सरपंच साधूराम पनिहार, संजय लालावासिया, अजय बिधनोई, पवन शर्मा, सुरपुरा, सुरेश नांधावाला, संतोष सुरपुरिया, डॉ. विजेन्द्र कस्वां ने स्वागत किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान व विकास के लिए काम किया है।

तोशाम स्वीप टीम ने मतदान अभियान में किया अनूठा प्रयास

शहीद वीरांगनाओं को मतदान को दिए आमंत्रण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

तोशाम विधानसभा में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर प्रशासन सक्रियता से काम कर रहा है। प्रशासन की ओर से न्योता भेजकर मतदान केंद्रों पर आने की अपील की जा रही है। प्रशासन ने सीमा रेखा की सुरक्षा के लिए शहादत देने वाले वीर जवानों की वीरांगनाओं को आमंत्रण-पत्र देने का निर्णय लिया है। एसडीएम मनोज कुमार दलाल के मार्गदर्शन में स्वीप टीम क्षेत्र की शहीद विरांगनाओ को मतदान के लिए आमंत्रण-पत्र भेजेगा। एसडीएम ने मंगलवार को गांव संडवा स्थित राजकीय वमा विद्यालय में जाकर शहीद वीरांगनाओं को आमंत्रण-पत्र दिया। लोकसभा चुनाव के तहत 25 मई को मतदान होना है। सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार दलाल के नेतृत्व में इस बार स्वीप टीम मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनूठे प्रयास कर रही है। गत दिनों गांव मिरान में एसडीएम साफा पहनकर ऊंट गाड़ी में सवार हुए थे। महिलाओं द्वारा भजनों के माध्यम से मतदान की अपील की गई थी। एसडीएम की वह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है व चर्चा का विषय बन गई है। इसी कड़ी में मंगलवार गांव संडवा में एसडीएम दलाल ने शहीद वीरांगनाओं को आमंत्रण पत्र देकर अधिक से अधिक मतदान की अपील की। एसडीएम ने कहा कि भारत की संस्कृति रही है कि कोई भी शुभ काम करने के समय लोगों को निमंत्रण पत्र भेजा जाता है, उसी तरह लोकतंत्र के महापर्व 25 मई के लिए आमंत्रण भेजकर अपने बूथ पर आमंत्रित कर रहे हैं कि वह आएं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। एसडीएम दलाल व स्वीप टीम की ओर से भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई को भूल न जाना वोट डालने आने को का आमंत्रण-पत्र जारी किया गया है, ताकि मतदान को लेकर लोगों को उत्साहित किया जा सके। इस मौके पर शहीद वीरांगना धनपति, कमला व शांति, बीईओ विजय कुमार सांगवान, प्राचार्य चंद्रशेखर महता, डॉ. कर्मबीर, पवन डाबला, नरेश, सीमा, सुदेश कुमारी, त्रिलोकचंद , सुरेंद्र सिंह, रमेश पीटीआई, मुकेश कुमारी, दिनेश, पीरचंद दहिया, धर्मबीर, रोहताश, धर्मबीर व नफेसिंह आदि उपस्थित रहे।

भिवानी। शहीद वीरांगनाओं को निमंत्रण पत्र सौंपते एसडीएम दलाल।

विजय संकल्प रैली का न्योता दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

आगामी 30 अप्रैल को क्षेत्र के गांव कैरू में होने वाली विजय संकल्प रैली को लेकर भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा ने मंगलवार को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को रैली के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने क्षेत्र के गांव आलमपुर, दूल्हेड़ी, बजीना, मालवास कोहाड़, मालवास देवसर, कुसुंभी, लोहानी, टीटानी, हेतमपुरा, लेघा हेतवान, लेघा भानान, जितवानबास, शिमलीबास, मनसरबास आदि गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से रूबरू होकर ग्रामीणों को 30 अप्रैल की विजय संकल्प रैली में पहुंचने का न्योता दिया।

उन्होंने बताया कि विजय संकल्प रैली को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल, महेंद्रगढ़-भिवानी सीट से लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह और वित्तमंत्री जेपी दलाल आदि संबोधित करेंगे। शर्मा ने नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को साकार करने के लिए भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट पर फिर से कमल खिलाने व शत-प्रतिशत मतदान करने और राष्ट्रहित में भाजपा को वोट देने के लिए ग्रामीणों से अपील की। इस अवसर पर सनेश कुमार, सांवरमल, दीवान सिंह, पूर्व सरपंच राजवीर, धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

सूचना

मैं, तन्नु पुत्र सतबीर गाँव अचिना व जिला चरखी दादरी की रहने वाली हूँ बयान करती हूं कि मेरी कक्षा 10 वीं की अंकतालिका जिसका क्रमांक 17-1-RE-208- 0007 में मेरा आधार कार्ड नम्बर 521837180156 दर्ज है जो गलत व असत्य है। मेरा आधार कार्ड नम्बर 439235083782 है जो सही है कृपया मेरा आधार नम्बर मेरी अंकतालिका में सही किया जाए।

खबर संक्षेप

हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

झांवरी स्थित हनुमान मंदिर में किया हवन

तोशाम। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर ग्रामीणों ने गांव झावरी स्थित हनुमान मंदिर में हवन-यज्ञ आयोजित किया। ग्रामीणों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर धर्म लाभ की प्राप्ति की। ग्रामीणों ने मंदिर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। ग्रामीणों ने हनुमान जी के जयकारे भी लगाए। इस अवसर पर हलका प्रधान सूबेदार चांदवीर झावरी, कमल फौजी, दिलबाग, सतबीर, राजा खयालिया, ममता शर्मा आदि ने हवन में आहुति डाली।

सिद्धपीठ सालासर मंदिर में मनाई हनुमान जयंती

भिवानी। हनुमान जयंती पर मिनी बाईपास पर सिद्धपीठ सालासर बालाजी हनुमान गुलाब मंदिर में हनुमान चालीसा, हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया, जहां पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पहुंचे आजाद सेना के संस्थापक अध्यक्ष एवं अधिवक्ता कुलदीप शर्मा ने कहा कि आज के दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था, अगर कोई भक्त सच्चे दिन से भगवान को याद करता है तो वे उनकी पुकार को तुरंत सुनते हैं। इस अवसर पर पवन कालरा, शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

भगवान श्रीराम के परमभक्त थे हुनमान

भिवानी। पूर्वा हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर ने कहा हनुमान जयंती हिन्दू पौराणिक कथा के अनुसार चैत्र माह की पूर्णिमा पर भगवान श्रीराम की सेवा के उद्देश्य से भगवान शंकर के ग्यारहवें रुद्र ने अंजनी माता के घर हनुमान के रूप में जन्म लिया था, ये दिन भगवान हनुमानजी के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। हनुमान जी भगवान श्रीराम के परमभक्त थे तथा उनकी भक्ति, निष्ठा व सेवा का सम्पूर्ण वर्णन रामायण में किया गया है।

शिक्षण संस्थानों में धार्मिक कार्यक्रमों से बच्चों को पथभ्रष्ट होने से बचा सकते : सचिन

सीबीएलयू में हनुमान चालीसा का पाठ कर मनाया हनुमान जन्मोत्सव

पौराणिक कथाओं के अनुसार वे भगवान शिव के 11वें अवतार हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। इस मौके पर एबीवीपी के पदाधिकारियों सहित अनेक विद्यार्थी भी मौजूद रहे। इसके उपरांत प्रसाद भी वितरित किया गया। एबीवीपी जिला संयोजक सचिन शेखावत एवं सीबीएलयू इकाई अध्यक्ष प्रियंकल शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म में भगवान हनुमान की पूजा का विशेष महत्व है, उन्हें कलयुग का जागृत देवता माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वे भगवान शिव के 11वें अवतार हैं।

उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती भगवान हनुमान के जन्म का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरूरी है, क्योंकि शिक्षण संस्थानों में ही देश का भविष्य तैयार होता है। विद्यार्थियों को सनातन संस्कृति के बारे में ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि नकारात्मक मनोवृत्ति में बदलाव लाया जा सके। युवाओं पर पाश्चात्य सभ्यता का गहरा असर है, जिसके चलते युवा पथभ्रष्ट हो रहे है तथा धार्मिक कार्यक्रमों से युवाओं को पथभ्रष्ट होने से बचाया जा सकता है।

भिवानी। हनुमान जन्मोत्सव पर उन्हें नमन करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस मौके पर एबीवीपी विभाग संयोजक आशु पालुवास, रजत वर्मा, अजय रोहिल्ला, सुदीप ढिल्लो, संदीप गरवा, मनीष, अंकित, हरपाल, पूजा, आकांक्षा, हिमांशी, अंजू, प्रियंका व ममता आदि मौजूद रहे।

श्रीमती उत्तमीबाई स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव

भिवानी। श्रीमती उत्तमीबाई आर्य कन्या वमा विद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भारत वर्ष पर्वों का देश है, हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। रूद्र अवतार हनुमान जिन्हें पवनपुत्र, बजरंगबली, संकटमोचन और महावीर के नाम से जाना जाता है। सनातन धर्म में हनुमानजी रामभक्त के रूप में प्रसिद्ध है। प्राचार्या अनीता बासोतिया के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण में हनुमान जयंती मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या बासोतिया ने हनुमानजी के छवि चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित, तिलक लगाकर व भोग लगाकर किया।

सीबीएलयू में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

भिवानी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में क्रीड़ा भारती द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि क्रीड़ा भारती के द्वि प्रांत संयोजक उमेश कुमार रहे। कार्यक्रम में विवि की कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्यतिथि उमेश ने कहा कि ये दिन भगवान हनुमानजी के जन्म का प्रतीक हैं, उनका जन्म चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को हुआ था, भक्त इस दिन को बहुत खुशी और उत्साह से मनाते हैं। उन्होंने बताया कि बजरंगबली का जन्म राजा केसरी व माता अंजनी से हुआ था। भगवान हनुमान अष्ट चिरंजीवी में से एक हैं और भगवान श्रीराम के बड़े भक्त हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान हनुमान पृथ्वी के प्रत्यक्ष देवता माने गए हैं। कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्मणी एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सुरेश मलिक ने कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

भोजन के साथ संस्कार एवं संस्कृति का समावेश होना जरूरी : सुशील

अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

भिवानी। हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीबालाजी मंदिर वाटिका हालुवास धामम्में सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन के साथ की गई। इस मौके पर महंत श्यामनाथ, महंत महेंद्रनाथ व जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतौर पर समाजसेवी सुशील बुवानीवाला पहुंचे, जिन्हें श्रीबालाजी मंदिर धाम के उपप्रधान हरीश शर्मा आदि पदाधिकारियों ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर आशीष बंसल, विशाल गोयल, अजय गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे। समाजसेवी बुवानीवाला ने कहा कि हनुमानजी इस कलयुग में जागृत देव माने जाते है, जिस व्यक्ति पर हनुमानजी की कृपा हो जाती है, उसे किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि हनुमानजी भगवान श्रीराम के सबसे बड़े भक्त है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के लिए भोजन के साथ-साथ संस्कार एवं संस्कृति का समावेश होना भी बहुत जरूरी है।

भिवानी। हनुमानजी को नमन करते अतिथि, शिक्षक व दिव्यांग विद्यार्थी।

दिव्यांगों ने जय श्रीराम के उच्चारण से वातावरण को राममय बनाया

भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में वीर बजरंगी हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा संगीत में प्रस्तुति देकर मनाया। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका सुमन शर्मा ने हनुमान जयंती उत्सव के बारे में विस्तार से बच्चों से सांझा किया और जय श्रीराम उच्चारण के साथ पूरे वातावरण को राममय बना दिया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा अपने परिवार सहित पहुंचकर बच्चों के बीच खुशियां बांटी। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

संकट मोचन सुमिरन से ही बुरी शक्तियों का होता नाशः सैनी

भिवानी। कोंट रोड मिनी बाईपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मंदिर प्रबंधक उर्मिला सुरेश सैनी ने भगवान श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमान की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी को कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। उन्होंने कहा कि हनुमान ने भगवान श्रीराम के दिल में ऐसी जगह बनाई कि दुनिया उन्हें प्रभु राम का सबसे बड़ा भक्त मानती है। उन्होंने कहा संकट मोचन हनुमान का सुमिरन करने मात्र से ही नकारात्मकता एवं बुरी शक्तियों का नाश हो जाता है, जो भक्त सच्चे मन से हनुमाज जी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें शनि की साढ़े साती और ढैय्या के कारण होने वाली समस्याओं से राहत मिल सकती है। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

अन्नदान सबसे बड़ा दानः चरणदास

■ हवन एवं भंडारे के साथ 21 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में जारी 21 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर हवन एवं भंडारे के साथ समापन हुआ। 21 दिवसीय हवन के दौरान नागरिकों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, संस्कृति व स्वच्छता अपनाने व भोजन व्यर्थ न करने आदि सामाजिक संदेश दिए। इस मौके पर मुख्य यजमान के तौर पर मनसुख गर्ग पहुंचे तथा बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ पहुंचे। महंत चरणदास महाराज ने बताया कि 21 दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान रोजाना अलग-अलग सामाजिक संदेश नागरिकों को दिए, ताकि समाज के प्रति उनके कर्तव्य का बोध करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि हवन एक प्राचीन धार्मिक रीति है, जो वेदों में उल्लिखित है, ये धार्मिक अनुष्ठान में अग्नि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसका उद्देश्य देवताओं को यज्ञदान के माध्यम से प्रसन्न करना होता है और समस्त भलाई और सुख की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना होता है। चरणदास महाराज ने कहा कि धार्मिक कार्य के अनुष्ठान पर भंडारे की परंपरा भारत में प्राचीनकाल से चली आ रही है, अब इसका स्वरुप बदल गया है। प्राचीनकाल में ये अन्नदान के रुप में जाना जाता है। शास्त्रों में बताय गया है कि संसार में सबसे बड़ा दान अन्न दान है। अन्न से शरीर और आत्मा दोनों की संतुष्टि होती हैं, इसलिए अन्न दान सभी प्रकार के दान से उत्तम है।

भिवानी। हनुमानजी को नमन करते एवं भंडारे का भोग लेते महंत रणदास महाराज व अन्य। फोटो :हरिभूमि

बदलाव वेलफेयर सोसायटी ने हनुमान जन्मोत्सव पर किया प्रसाद वितरित

भिवानी। बदलाव वेलफेयर सोसायटी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को पतराम गेट पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि समाजसेवी पीआर बंसल ने शिकरत की तथा अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष श्यामपाल ने की। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता प्रत्येक व्यक्ति पर खासा प्रभाव डाल रही है, इस दौर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरूरी है, ताकि नकारात्मक विचारों में बदलाव लाया जा सकें। बंसल ने कहा कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव के दिन भक्त निर्मल मन से राम भक्त हनुमान को हृदय में धारण कर असीम ऊर्जा का अनुभव करते हैं। भगवान हनुमान की अद्भुत शक्ति, पराक्रम, बल, ऊर्जा के आगे आस्था और विज्ञान दोनों एक साथ टकराने लगते हैं। श्यामपाल ने कहा कि भगवान हनुमान भक्ति, शक्ति और निष्ठा के प्रतीक माने जाते है।

श्रीराम पाठशाला में निःशुल्क दी जा रही शिक्षा : जैन

भिवानी। श्रीराम पाठशाला में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही हैं। दाखिला लेने वाले बच्चों को किताबें, कापियां, स्कूल बैग, ड्रेस, जूतें, जुराबें और टिफिन तक सब कुछ निःशुल्क मिलेगा। ये बात ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन अधिवक्ता ने कही। वे आज दिल्ली निवासी अजय गुप्ता की ओर से बच्चों को स्कूल ड्रेस भेंट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीराम पाठशाला में पांचवी तक शिक्षा दी जाती है और निःशुल्क दी जाती है तथा संख्या का भी कोई बंधन नहीं है। इस स्कूल में कितने भी बच्चें दाखिला ले सकते है, सबको जरूरत की सारी चीजें ट्रस्ट के सहयोगियों की ओर से निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर अजय सर्राफ, रमेश बंसल, प्रमोद मिण्डुका, बैजनाथ जैन, संगीता अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

हलवासिया के छात्रों ने ओलंपियाड एवं मैराथन में परचम लहराया

भिवानी। हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग के कक्षा छठी एवं आठवीं के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। साइंस व गणित ओलंपियाड में कक्षा छठी डी के यानिक सोनी तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में छात्र को प्रतिभागिता कर जीत हासिल करने पर ट्रॉफी, बैग,सर्टिफिकेट व 1100 रुपये पुरस्कार स्वरूप मिले। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम मैराथन में विद्यालय के कक्षा आठवीं के हार्दिक ने भाग लेकर 10 किलोमीटर की रेस एक घंटे 24 सेकेंड में पूरी की, जिसमें छात्र को पुरस्कार स्वरूप मेडल एवं सर्टिफिकेट प्राप्त हुए तथा फरीदाबाद मैराथन में विद्यालय की छठी की लावण्या ने 10 किमी की दौड़ 1 घंटे 6 मिनट 40 सेकेंड में पूरी कर तथा भैया हार्दिक ने 10 किलोमीटर रेस 59 मिनट 43 सेकंड में पूरी कर जीत हासिल की। माध्यमिक विभाग सुवीरा गर्ग ने छात्रों को बधाई दी।

रक्तदान करने से नहीं आती कमजोरी

■ रक्तदान का छेड़ो अभियान, रक्त की कमी से न जाए किसी की जान : रक्तवीर राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

रक्तदान किसी के लिए भी बेहद सामान्य बात हो सकती है लेकिन जरूरतमंद के लिए यह जिंदगी और मौत का सवाल होता है, रक्त की जरूरत कभी भी किसी को भी पड़ सकती है। लिहाजा हर किसी को इसकी अहमियत समझनी चाहिए। हर किसी का रक्तदान किसी न किसी को नई जिंदगी देता है। आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी। रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नही आती। मंगलवार को निजी अस्पताल में दाखिल महिला मरीज के लिए ऐ पोजटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ी तो भिवानी के सात रक्तवीरों ने बिना देरी ब्लड बैंक पहुंचकर निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। रक्तदाता गोपाल भारद्वाज, ललित, धर्मबीर सिंह, अनमोल, कुलदीप सिंह, प्रभात कुमार, सुनील कौशिक आदि ने रक्तदान किया और महिला की जिंदगी बचाने का सराहनीय कार्य किया। इस मौके पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने रक्तवीरों को सम्मानित किया। डुडेजा ने कहा कि अब गर्मी शुरू हो गई है, जिसकी वजह से रक्त की डिमांड बढ़ गई है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. मंदीप पंघाल, लैब टेक्नीशियन सतीश, राहुल तंवर, संदीप नैन व योगेश जांगड़ा आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित करने वालों पर कार्रवाई के लिए सौंपा मांगपत्र

संघर्ष समिति ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप की कानूनी कार्रवाई की मांग

बाबा साहेब ने प्रत्येक नागरिक के हित के लिए किया था संघर्ष: मांगेराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश के महापुरुषों ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की उन्नति एवं नागरिकों के उत्थान के लिए कार्य करने में खपा दिया, इसीलिए महापुरूषों की प्रतिमाएं चौक-चौराहों पर लगाई जाती है, ताकि युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा किए त्याग एवं बलिदान से रूबरू होने का मौका मिल सके, लेकिन चौक-चौराहों पर लगी महापुरूषों की प्रतिमाओं को खंडित करना ओछी मानसिकता का परिचय है, ऐसा ही मामला रोहतक जिले के गांव लाहली में हुआ था, जहां संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किया, जिसके चलते लोगों में रोष है।

इसी कड़ी में मंगलवार को समिति के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर बाबा साहेब की प्रतिमा को खंडित करने वालों पर कड़ी कानूनी करने की मांग की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष मांगेराम तोंदवाल ने कहा कि 18 अप्रैल की रात्रि को गांव लाहली में कुछ असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को खंडित कर दिया, जिससे बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने वाले अनुयायियों में खासा रोष बना हुआ है। उन्होंने उपायुक्त से ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटना फिर से घटित न हो। प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौधरी ने चेतावनी दी कि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय पर समिति के पदाधिकारियों की बैठक में फैसला लिया कि 25 अप्रैल को शहर में संविधान बचाओ-देश बचाओ यात्रा निकालकर राज्यपाल के नाम मांगपत्र सौंपा जाएगा। इस मौके पर मास्टर हरीश गोच्छी, अधिवक्ता नरेंद्र कांटीवाल, परमजीत, कैप्टन धर्मवीर, जयकिशन चौपड़ा आदि मौजूद रहे।

भिवानी। ज्ञापन सौंपते प्रदेश चमार संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

चित्रकला प्रतियोगिता में देवांशप्रथम

भिवानी। केएम पब्लिक स्कूल में अंतर कक्षा चित्रकला, बधाई कार्ड बनाना व क्ले मॉडलिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, ये प्रतियोगिताएं कक्षा प्रथम से तृतीय के विद्यार्थियों के लिए खुली थी। कक्षा प्रथम ए से चित्रकला प्रतियोगिता में देवांश सोनी प्रथम, दिव्यम द्वितीय, अवनि तृतीय तथा युआन ने सांत्वना, कक्षा प्रथम बी से आर्यन प्रथम, हरप्रीत द्वितीय, नव्या तृतीय तथा वंश ने सांत्वना तथा कक्षा प्रथम सी से स्तुति प्रथम, प्रियाशी द्वितीय, पुनीत तृतीय तथा आरुषि ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्ड मेकिंग में दूसरी ए से हिमानी प्रथम, अर्पिता द्वितीय, आर्य शर्मा तृतीय तथा अंशुल ने सांत्वना, कक्षा दूसरी बी से भूवी शर्मा प्रथम, प्रांजय द्वितीय, मन्नत तृतीय तथा दक्ष ने सांत्वना तथा कक्षा दूसरी सी से हितेश प्रथम, चेतना द्वितीय, काव्या तृतीय तथा नीति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में कक्षा तीसरी ए से आद्रिका प्रथम, हिमांश द्वितीय, रिया तृतीय तथा अनन्या ने सांत्वना तथा तीसरी बी से तरन्नुम प्रथम, जेसिका द्वितीय, रीवा तृतीय तथा मन्नत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्या रेनू सैनी, उपप्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा, प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा, प्रबंधक आनंद बासिया तथा समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने विजेताओं को बधाई दी।